VICTERS CLASS Xth HINDI, 31/08/21
Work sheet
आई एम कलाम के बहाने

1, स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म के प्रति मिहिर का मनोभाव क्या था ?
उत्तर: मिहिर स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म से चिढ़ा करता था और उसे पहनना हमेशा टाला करता था।

2, मोहल्ले की किसी शादी में भी मोरपाल को स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म पहने देखकर मिहिर क्यों हैरान रह गया था ?
उत्तर: मिहिर स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म से चिढ़ा करता था और उसे पहनना टाला करता था। इसलिए मोरपाल को शादी में भी वही नीली खाकी यूनिफार्म पहने देखकर हैरान रह गया था।

3,. मोरपाल को स्कूल में बिताया समय क्यों उसके जीवन का सबसे अच्छा समय होता था ?
उत्तर: घर की कमरतोड़ मेहनत और खेत-मजूरी से इतर दिन का एकमात्र समय जब वह बच्चा बना रह सकता था। इसलिए मोरपाल को स्कूल में बिताया समय उसके जीवन का सबसे अच्छा समय होता था।

4, मिहिर के लिए स्कूल यूनिफार्म क्यों एक बोझ बनती थी ?
उत्तर: मिहिर के लिए स्कूल यूनिफार्म एक बोझ बनती थी क्योंकि उसके पास उससे बेहतर कपड़े थे। जिन्हें उसने अपनी पसंद से बड़े-बड़े शहरों के बड़े बाज़ारों से खरीदा था।

5, मोरपाल शादी में भी स्कूल यूनिफार्म पहनकर क्यों जाता था ?
उत्तर: मोरपाल शादी में भी स्कूल यूनिफार्म पहनकर ही जाता था क्योंकि उसके पास एकमात्र कमीज़-पैंट का नया जोड़ा वही नीली खाकी स्कूल यूनिफार्म ही था।

HW
6, 'हमारा सौदा था खेलघंटी में खाने की अदला बदली का ' खेलघंटी के समय मिहिर और - मोरपाल के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें।

मिहिर। : घंटी बज गयी, क्या हम खाना खाएं ?
मोरपाल: हाँ, दोस्त, मुझे भी भूख लगती है ।

7, मिहिर खाने के लिए क्या लाता है ?

8, मोरपाल खाने के लिए क्या लाता है ?

9, मिहिर को खाने के लिए क्या पसंद है ?

10, मोरपाल ने पहली बार राजमा कहां देखा ?

11, वाक्य पिरमिड
(स्कूली, शादी में)

मोरपाल आया था
मोरपाल यूनीफ़ार्म पहनकर आया था।
……………...................................
……………………………………..

12, इस पाठभाग के आधार पर मिहर और मोरपाल के जीवन अनुभवों पर टिप्पणी लिखें।

ക്ലാസ് കാണുന്നതിന് -
आई एम कलाम के बहाने।